## 2024

**1. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**
**A. लूनी बेसिन और शेखावाटी प्रदेश राजस्थान बांगड़ के उप-प्रदेश हैं।**
**B. घग्घर का मैदान अधिकांशत: हनुमानगढ़ एवं गंगानगर जिलों में फैला है।**
**C. नागौर उच्च भूमि में लवणीय झीलें और आन्तरिक जल प्रवाह है।**
**D. अरावली श्रेणियाँ सभी प्रकार के खनिजों में समृद्ध हैं।**
**सही उत्तर का चयन नीचे दिये कूट से कीजिये:**
(1) A, B, C और D
(2) A और B
(3) A, B और C
(4) B, C और D
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[3]**

**व्याख्या:-**
- राजस्थान बांगड़ अर्द्ध-शुष्क मैदान है, जो अरावली और थार मरुस्थल के बीच स्थित है। इसे मुख्य रूप से चार उप-प्रदेशों में विभाजित किया गया है, जिनमें लूनी बेसिन और शेखावाटी प्रदेश (या आंतरिक जल-निकास क्षेत्र) शामिल हैं।
- घग्घर का मैदान घग्घर नदी (प्राचीन सरस्वती नदी का अवशेष) का बाढ़ का मैदान है, जो मुख्य रूप से राजस्थान के उत्तरी जिलों, हनुमानगढ़ और गंगानगर में फैला हुआ है।
- नागौर उच्च भूमि क्षेत्र में आंतरिक अपवाह प्रणाली, ऊँचाई और उच्च खारेपन के कारण लवणीय झीलें (जैसे डीडवाना, सांभर, लूणकरणसर और पंचभद्रा) पाई जाती हैं।
- अरावली श्रेणियाँ खनिजों में समृद्ध हैं, विशेष रूप से अधात्विक और धात्विक खनिजों (जैसे सीसा-जस्ता, ताँबा, अभ्रक) में, लेकिन यह कहना कि वे "सभी प्रकार के खनिजों" में समृद्ध हैं, सही नहीं है। पेट्रोलियम या कोयला जैसे ऊर्जा खनिजों की यहाँ कमी है।

**2. राजस्थान के निम्नलिखित जिला समूहों का दक्षिणी-पश्चिमी मानसून में औसत वर्षा के आधार पर सही आरोही क्रम कौन-सा है?**
(1) चूरू, बारां, भीलवाड़ा
(2) जालौर, जयपुर, कोटा
(3) जैसलमेर, बाँसवाड़ा, राजसमन्द
(4) नागौर, धौलपुर, अजमेर
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[2]**

**व्याख्या:-**
- दक्षिण-पश्चिम मानसून के दौरान औसत वर्षा के आधार पर सही आरोही क्रम वाला समूह है: जालोर (कम) < जयपुर (मध्यम) < कोटा (अधिक)।
- राजस्थान में दक्षिणी-पश्चिमी मानसून से वर्षा की मात्रा सामान्यत: उत्तर-पश्चिम से दक्षिण-पूर्व की ओर बढ़ती है।
- **जालोर:** यह शुष्क/अर्द्ध-शुष्क पश्चिमी क्षेत्र में स्थित है, जहाँ औसत वर्षा सबसे कम होती है (लगभग 300-400 मिमी)।
- **जयपुर:** यह पूर्वी मैदान क्षेत्र में स्थित है, जहाँ मध्यम वर्षा होती है (लगभग 500-600 मिमी)।
- **कोटा:** यह दक्षिण-पूर्वी आर्द्र क्षेत्र (हाड़ौती) में स्थित है, जो राज्य के अधिक वर्षा वाले क्षेत्रों में से एक है (लगभग 750-900 मिमी)।

**3. राजस्थान के किस जिले में 'खड़ीन' जल संरक्षण की प्रचलित विधि है?**

| | |
|---|---|
| (1) पाली | (2) नागौर |
| (3) बीकानेर | (4) जैसलमेर |

(5) अनुत्तरित प्रश्न **[4]**

**व्याख्या:-**
- राजस्थान के जैसलमेर जिले में 'खड़ीन' जल संरक्षण की प्रचलित विधि है।

**खड़ीन जल संरक्षण विधि -**
- खड़ीन राजस्थान के पश्चिमी भाग (मरुस्थलीय क्षेत्र) में वर्षा जल संरक्षण और कृषि के लिए उपयोग की जाने वाली एक पारंपरिक और स्वदेशी विधि है।
- **सर्वाधिक प्रचलन:** यह विधि मुख्य रूप से जैसलमेर जिले में पालीवाल ब्राह्मणों द्वारा 15वीं शताब्दी में विकसित की गई थी।
- **प्रक्रिया:** इसमें ढलान वाली भूमि के नीचे एक मजबूत मिट्टी का तटबंध (बन्ध) बनाकर वर्षा जल को रोका जाता है। जब खेत पानी से भर जाता है, तो पानी को भूमिगत रूप से रिसने दिया जाता है। नमी युक्त मिट्टी में फिर रबी की फसलें उगाई जाती हैं।
- **दोहरा लाभ:** यह विधि न केवल जल को संरक्षित करती है, बल्कि कृषि के लिए भूमिगत नमी भी प्रदान करती है और अतिरिक्त पानी को पास के कुओं या निचले क्षेत्रों में भेजा जाता है।

**4. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिये तथा नीचे दिये गये कूट से सही उत्तर का चयन कीजिये :**

| सूची-I जिला | सूची-II नदी |
|---|---|
| A. उदयपुर | i. साबी तथा रूपारेल |
| B. बूँदी | ii. गम्भीरी तथा पार्वती |
| C. भरतपुर | iii. सोम तथा जाखम |
| D. अलवर | iv. कुराल |

**कूट :**
(1) A-iii B-iv C-ii D-i
(2) A-iii B-iv C-i D-ii
(3) A-iv B-iii C-ii D-i
(4) A-i B-iii C-ii D-iv
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[1]**

**व्याख्या:-**
- **सोम तथा जाखम-** उदयपुर और आसपास के क्षेत्र में सोम (माही की सहायक) और जाखम (सोम की सहायक) महत्वपूर्ण नदियाँ हैं।


UTKARSH CLASSES | support@utkarsh.com | : 9829 213 213

- **कुराल-** कुराल नदी (चंबल की सहायक) का प्रवाह क्षेत्र मुख्य रूप से बूँदी जिले में है।
- **गम्भीरी तथा पार्वती–** भरतपुर में गम्भीरी (करौली के पास से निकलती है) और पार्वती (चंबल की सहायक, जो इस क्षेत्र से बहती है) प्रमुख नदियाँ हैं।
- **साबी तथा रूपारेल–** साबी (सीकर से निकलती है) और रूपारेल (अलवर के पास से निकलती है) नदियाँ अलवर जिले की आंतरिक अपवाह प्रणाली का हिस्सा हैं।

**5. जयपुर, दौसा और अलवर जिलों में किस मृदा की प्रधानता है?**

(1) अल्फीसोल्स (2) एन्टीसोल
(3) इनसेप्टीसोल्स (4) वर्टीसोल्स
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[1]**

**व्याख्या:-**

**राजस्थान में मृदा वर्गीकरण –**

- यह वर्गीकरण संयुक्त राज्य अमेरिका की मृदा वर्गीकरण प्रणाली पर आधारित है:
- **अल्फीसोल्स (Alfisols):** ये मृदाएँ पूर्वी राजस्थान के जिलों में पाई जाती हैं, जिनमें जयपुर, दौसा, अलवर, भरतपुर, टोंक और सवाई माधोपुर शामिल हैं। इन मृदाओं में जलोढ़ (alluvial) और लाल-पीली मृदाएँ शामिल होती हैं। ये उपजाऊ होती हैं और इनमें एल्युमिनियम (Al) और लौह (Fe) ऑक्साइड की मात्रा अधिक होती है।
- **एन्टीसोल्स (Entisols):** ये मृदाएँ पश्चिमी राजस्थान के लगभग सभी जिलों में पाई जाती हैं। ये सबसे कम विकसित मृदाएँ होती हैं और इनमें रेत की मात्रा अधिक होती है।
- **इनसेप्टीसोल्स (Inceptisols):** ये मृदाएँ अर्द्ध-शुष्क और अरावली क्षेत्रों (जैसे सिरोही, राजसमंद, भीलवाड़ा) में पाई जाती हैं। ये विकास के प्रारंभिक चरण में होती हैं।
- **वर्टीसोल्स (Vertisols):** ये काली मिट्टी होती हैं और मुख्य रूप से हाड़ौती क्षेत्र (दक्षिण-पूर्वी राजस्थान) के जिलों (जैसे कोटा, बाराँ, झालावाड़) में पाई जाती हैं।

**6. माउण्ट आबू और रणकपुर किस पर्यटक परिपथ में सम्मिलित हैं?**

(1) मेवाड़ (2) ढूंढाड़
(3) शेखावाटी (4) गोडवार
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[4]**

**व्याख्या:-**

- माउण्ट आबू और रणकपुर दोनों गोडवार पर्यटक परिपथ में सम्मिलित हैं।
- माउण्ट आबू राजस्थान का एकमात्र हिल स्टेशन है, जो सिरोही जिले में स्थित है।
- रणकपुर, पाली जिले में अरावली पहाड़ियों के पास, अपने जैन मंदिरों के लिए प्रसिद्ध है।
- दोनों स्थल राजस्थान के दक्षिण-पश्चिमी क्षेत्र में आते हैं और प्राकृतिक, धार्मिक एवं पर्यावरणीय पर्यटन के लिए महत्वपूर्ण हैं।
- राजस्थान पर्यटन विकास निगम (RTDC) ने पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए राज्य को विभिन्न पर्यटक परिपथों (Tourist Circuits) में विभाजित किया है।
- गोडवार पर्यटन सर्किट के अंतर्गत माउण्ट आबू, रणकपुर, जवाई बाँध, कुंभलगढ़ जैसे कई प्रमुख स्थल आते हैं।
- मेवाड़ पर्यटन सर्किट के अंतर्गत उदयपुर, राजसमंद, चित्तौड़गढ़ जैसे कई प्रमुख स्थल आते हैं।
- ढूँढाड़ पर्यटन सर्किट के अंतर्गत जयपुर, दौसा, सवाई माधोपुर, टोंक आदि प्रमुख स्थल आते हैं।
- शेखावाटी पर्यटन सर्किट के अंतर्गत सीकर, चूरू, झुंझुनूँ आदि प्रमुख स्थल आते हैं।

**7. राजस्थान में कुल साक्षरता दर (जनगणना 2011) के घटते हुए क्रम के आधार पर जिलों का सही क्रम है–**

(1) कोटा, झुन्झुनूँ, जयपुर, अलवर, सीकर
(2) जयपुर, झुन्झुनूँ, कोटा, सीकर, अलवर
(3) कोटा, जयपुर, झुंझुनूँ, सीकर, अलवर
(4) झुन्झुनूँ, कोटा, सीकर, जयपुर, अलवर
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[3]**

**व्याख्या:-**

- **राजस्थान में कुल साक्षरता दर (जनगणना 2011) के घटते हुए क्रम के आधार पर जिलों का सही घटता क्रम है–** कोटा (76.6%) > जयपुर (75.5%) > झुन्झुनूँ (74.7%) > सीकर (71.9%) > अलवर (70.7%)

**8. राजस्थान में निम्नलिखित स्थलों पर ऐस्बेस्टॉस खदानें कहाँ अवस्थित हैं?**

(1) देपुरा और डिंगरी (2) अर्जुनपुरा और पीपरदा
(3) खुरा और मंगोल (4) करपुरा और फतेहगढ़
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[2]**

**व्याख्या:-**

- राजस्थान में ऐस्बेस्टॉस की खदानें मुख्य रूप से अर्जुनपुरा और पीपरदा में स्थित हैं, जो चित्तौड़गढ़ जिले में हैं।

**9. राजस्थान में लिग्नाइट के सबसे महत्वपूर्ण संसाधन स्थित हैं–**

(1) कपूरड़ी, पलाना एवं जगपुरा
(2) पलाना, अगूचा एवं मेड़ता
(3) पलाना, कसनऊ एवं जगपुरा
(4) कपूरड़ी, मेड़ता एवं कसनऊ
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[4]**

**व्याख्या:-**

- राजस्थान में लिग्नाइट के सबसे महत्वपूर्ण संसाधन कपूरड़ी, मेड़ता एवं कसनऊ में स्थित हैं।
- राजस्थान में लिग्नाइट (निम्न श्रेणी का भूरा कोयला) के प्रमुख भंडार और उत्पादन क्षेत्र निम्नलिखित हैं:
  - **कपूरड़ी :** यह बाड़मेर जिले में स्थित है और राजस्थान में लिग्नाइट का सबसे बड़ा और महत्वपूर्ण भंडार माना जाता है।
  - **मेड़ता :** यह नागौर जिले में स्थित है और नागौर के लिग्नाइट उत्पादन में प्रमुख स्थान रखता है।



UTKARSH CLASSES | support@utkarsh.com | : 9829 213 213

- **कसनऊ :** यह भी नागौर जिले में स्थित है और मेड़ता के साथ महत्वपूर्ण लिग्नाइट क्षेत्र है।
- **पलाना :** यह बीकानेर जिले में स्थित है और राजस्थान में लिग्नाइट का एक प्रारंभिक और महत्वपूर्ण स्रोत रहा है।

**10. कौन-सा सुमेलित नहीं है?**

| **संरक्षित क्षेत्र (मई, 2023 के अनुसार)** | **जिला** |
|---|---|
| (1) हमीरगढ़ | भीलवाड़ा |
| (2) रनखार | जालौर |
| (3) मनसामाता | झुन्झुनूं |
| (4) सोरसन | बूंदी |

(5) अनुत्तरित प्रश्न **[4]**

**व्याख्या:-**

- **संरक्षित क्षेत्र (मई, 2023 के अनुसार) - जिला**
  (1) हमीरगढ़- भीलवाड़ा
  (2) रनखार- जालोर
  (3) मनसामाता- झुन्झुनूँ
  (4) सोरसन- बाराँ

## 2023

**11. गलत युग्म का चयन कीजिये–**

| | |
|---|---|
| (1) सतूर | मध्य अरावली |
| (2) कटड़ा | दक्षिणी अरावली |
| (3) दुर-मरयाजी | मध्य अरावली |
| (4) महोहरपुर | उत्तरी अरावली |

(5) अनुत्तरित प्रश्न **[*]**

**व्याख्या:-**

- इस प्रश्न को राजस्थान लोकसेवा आयोग द्वारा निरस्त किया गया।

**12. निम्नलिखित में से कौन-से जिलों का समूह प्राप्त मॉनसूनी वर्षा की मात्रा के अनुसार अवरोही क्रम मे सही ढंग से व्यवस्थित है?**

(1) धौलपुर, राजसमंद, जालोर
(2) भीलवाडा, बाराँ, सीकर
(3) राजसमंद, जालोर, धौलपुर
(4) पाली, जयपुर, भरतपुर
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[1]**

**व्याख्या:-**

- प्रश्न में दिये गए जिलों में सबसे ज्यादा मानसूनी वर्षा धौलपुर, राजसमंद, जालोर को प्राप्त होती है।
- धौलपुर आर्द्र जलवायु प्रदेश में आता है जबकि राजसमंद का कुछ भाग उपआर्द्र तथा जालोर अर्द्ध शुष्क प्रदेश में आते हैं।
- धौलपुर में औसत वर्षा 60-80 सेमी. होती है।

**13. निम्नलिखित में से किन तीन नदियों के संगम को 'त्रिवेणी' कहा जाता है?**

(1) बनास, मैनाल, बेड़च (2) गम्भीरी, मांसी, धुन्ध
(3) कोठारी, खारी, बेड़च (4) सोम, आहू, बांडी
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[1]**

**व्याख्या:-**

- तीन नदियों बनास, मैनाल तथा बेड़च के संगम को 'त्रिवेणी' कहा जाता है। इन नदियों का त्रिवेणी संगम मांडलगढ़ (बींगोद, भीलवाड़ा) मे स्थित है।

**14. माही बजाज सागर परियोजना एक संयुक्त उद्यम है:**

(1) राजस्थान, पंजाब तथा गुजरात का
(2) गुजरात तथा राजस्थान का
(3) राजस्थान, गुजरात तथा मध्य प्रदेश का
(4) मध्य प्रदेश तथा राजस्थान का
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[2]**

**व्याख्या:-**

- माही बजाज सागर परियोजना राजस्थान एवं गुजरात की संयुक्त परियोजना है। इस परियोजना में 3 बाँध बनाए गए हैं- माही बजाज सागर बाँध (बोरखेड़ा, बाँसवाड़ा), कागदी पिकअप बाँध (बाँसवाड़ा) तथा कड़ाना बाँध (महिसागर, गुजरात)।
- वर्ष 1966 में हुए समझौते के अनुसार इसमें राजस्थान का हिस्सा 45% व गुजरात का हिस्सा 55% है।

**15. निम्नलिखित में से वर्ष 2001-2011 मे मध्य में न्यूनतम दशकीय जनसंख्या वृद्धि दर वाला जिला कौन-सा है?**

(1) बाड़मेर (2) श्री गंगानगर
(3) पाली (4) बूँदी
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[2]**

**व्याख्या:-**

- जनगणना-2011 के आँकड़ों के अनुसार राजस्थान में श्री गंगानगर न्यूनतम दशकीय जनसंख्या वृद्धि दर वाला जिला है। इसकी जनसंख्या वृद्धि दर 10.4% रही। इसके बाद झुंझुनूँ (11.7%) तथा पाली (11.9%) का स्थान है।

**16. राजस्थान में कालाखुटा, लीलवानी, नारदिया, तिम्मामोरी किस खनिज के उत्पादक क्षेत्र हैं?**

(1) मैंगनीज (2) टंगस्टन
(3) ताँबा (4) लौह-अयस्क
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[1]**

**व्याख्या:-**

- राजस्थान में मैंगनीज के प्रमुख उत्पादक क्षेत्र हैं- उदयपुर-देबारी, नरड़िया, बांसवाड़ा-लीलवानी, काला-खूंटा, रामोसन, राजसमंद-नाथद्वारा, नेगड़िया तथा तिम्मामोरी।
- मैंगनीज का उपयोग मुख्यत: लौह- इस्पात उद्योग में इस्पात को कठोर बनाने के लिए किया जाता है।

**17. निम्न में से कौन-सा सुमेलित नहीं है?**

| **वन्यजीव अभयारण्य** | **जिला** |
|---|---|
| (1) शेरगढ़ | बूँदी |
| (2) बस्सी | चित्तौड़गढ़ |
| (3) रामसागर वन विहार | धौलपुर |
| (4) सीतामाता | प्रतापगढ़ |

(2) अनुत्तरित प्रश्न **[1]**

**व्याख्या:-**



UTKARSH CLASSES | support@utkarsh.com | : 9829 213 213

- अपने समृद्ध वनस्पतियों और जीवों के लिए प्रसिद्ध शेरगढ़ वन्यजीव अभयारण्य जुलाई, 1983 में बाराँ जिले में स्थापित की गई थी। इसके प्रमुख आकर्षणों में हिरण की प्रजातियाँ जैसे चिंकारा (भारतीय गजेल), सांभर, चीतल (चित्तीदार हिरण), बाघ, भालू, लकड़बग्घा और तेंदुए आदि शामिल हैं।

**18. माही कंचन तथा आर सी बी 911 संकर किस्में हैं-**
(1) क्रमश: मक्का तथा जौ की
(2) क्रमश: मक्का तथा चावल की
(3) क्रमश: मक्का तथा बाजरे की
(4) क्रमश: बाजरा तथा मक्का की
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[3]**

**व्याख्या:-**
- माही कंचन, माही धवल और मेघा मक्का की किस्में हैं जबकि आर सी बी 911 संकर, राजा 171, आर एच बी 30 बाजरे की किस्में हैं।
- राजस्थान राज्य में प्रमुख मक्का उत्पादक जिले भीलवाड़ा, चित्तौड़गढ़, उदयपुर, बाँसवाड़ा और बूँदी हैं।
- राजस्थान का बाजरे के उत्पादन में देश में प्रथम स्थान (45.56%) है।

**19. राष्ट्रीय उष्ट्र अनुसंधान केंद्र स्थित है-**
(1) जोधपुर (2) अविका नगर
(3) बीकानेर (4) अजमेर
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[3]**

**व्याख्या:-**
- राष्ट्रीय उष्ट्र अनुसंधान केन्द्र, बीकानेर, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् (आईसीएआर) का एक प्रमुख अनुसंधान केन्द्र है, जो कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एक स्वायत्त संगठन है।
- शुष्क और अर्द्ध-शुष्क क्षेत्रों के सामाजिक-आर्थिक विकास में ऊँट के महत्त्व को ध्यान में रखते हुए, भारत सरकार ने 5 जुलाई, 1984 को भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् (आईसीएआर) के तत्वावधान में राजस्थान के बीकानेर में ऊँट परियोजना निदेशालय की स्थापना की, जिसे 20 सितम्बर, 1995 को राष्ट्रीय ऊँट अनुसंधान केन्द्र (एनआरसीसी) में उन्नत किया गया।

## 2021

**20. निम्न में से किस जिले में उप-उष्ण पर्वतीय वन पाए जाते हैं?**
(1) सिरोही (2) उदयपुर
(3) बाँसवाड़ा (4) झालावाड़ **[1]**

**व्याख्या:-**
- उप – उष्ण पर्वतीय वन राजस्थान में केवल सिरोही जिले के आबू पर्वतीय क्षेत्र में हैं। इन वनों में सदाबहार एवं अर्द्ध – सदाबहार वनस्पति होती है। इन वनों की सघनता अधिक है अत: सालभर इस क्षेत्र में हरियाली बनी रहती है। इन वनों में आम, बाँस, नीम, सागवान, सिरिस, अम्बरतरी, बेल आदि के वृक्ष पाए जाते हैं।

**21. गोगेलाव संरक्षित क्षेत्र किस जिले में स्थित है?**
(1) पाली (2) चूरू
(3) नागौर (4) जालोर **[3]**

**व्याख्या:-**
- गोगेलाव संरक्षित क्षेत्र नागौर जिले में स्थित है। संरक्षित क्षेत्र घोषित होने के चार साल बाद भी यहाँ मूलभूत सुविधाएँ पूरी नहीं जुटाई गई है। पिछले दिनों घटनाओं में लगातार बढ़ोतरी होने के बाद वन विभाग ने अब संरक्षित वन क्षेत्र की NH – 89 से लगती सीमा पर ट्रेंसिंग करवाने का फैसला किया है।

**22. निम्नलिखित विशेषताएँ किस नदी की हैं?**
**1. इसका उद्गम कुम्भलगढ़ किले के निकट अरावली पहाड़ियों से है।**
**2. यह नदी मेवाड़ के मैदान के मध्य से गुजरती है।**
**3. बेडच, कोठारी व मोरेल इसकी सहायक नदियाँ हैं।**
(1) बनास (2) लूणी
(3) चम्बल (4) माही **[1]**

**व्याख्या:-**
**बनास नदी**
- बनास नदी राजस्थान की यमुना, वन की आशा अथवा वर्णशा भी कहलाती है। बनास नदी अरावली की खमनौर पहाड़ियों से निकलती है जो कुम्भलगढ़ से 5 किमी. दूर है। यह कुम्भलगढ़ से दक्षिण की ओर गोगुन्दा के पठार से प्रवाहित होती हुई नाथद्वारा, राजसमंद, रेलमगरा पार कर चित्तौड़गढ़, भीलवाड़ा, टोंक जिलें से होती हुई सवाई माधोपुर में चम्बल से मिलती है। यह नदी मेवाड़ के मैदान के मध्य से गुजरती है। बेडच, और मेनाल दाई ओर से सहायक नदियाँ है। कोठारी, मांसी, खारी, मोरेल, धुन्ध, ढील, डाई बायीं ओर की प्रमुख सहायक नदियाँ है।

**23. कोपेन के जलवायु वर्गीकरण के अनुसार निम्न में से कौन-से सही सुमेलित हैं?**
(A) Cwg- भरतपुर
(B) Bwhw- बाडमेर
(C) Bshw- श्रीगंगानगर
(D) Aw- डूँगरपुर
(1) (A), (C) एवं (D) (2) (B), (C) एवं (D)
(3) (B) एवं (C) (4) (A) एवं (D) **[4]**

**व्याख्या:-**
- कोपेन के जलवायु वर्गीकरण के अनुसार भरतपुर में Cwg प्रकार की जलवायु तथा डूँगरपुर में Aw प्रकार की जलवायु पाई जाती है।

**24. निम्न में से थार मरुस्थल के भाग हैं?**
(A) गोडवाड़ प्रदेश (B) शेखावाटी प्रदेश
(C) बनास का मैदान (D) घग्घर का मैदान
(1) (A) एवं (B) (2) (B) एवं (C)
(3) (A), (B) एवं (D) (4) (A), (C) एवं (D) **[3]**

**व्याख्या:-**
- थार मरुस्थल के अंतर्गत गोड़वाड़ प्रदेश, शेखावाटी प्रदेश तथा घग्घर का मैदान क्षेत्र आते हैं।


UTKARSH CLASSES | support@utkarsh.com | : 9829 213 213

**25. 2011 की जनगणना के अनुसार, राजस्थान के कौन-से जिलों में ग्रामीण और नगरीय लिंगानुपात सर्वाधिक है?**

| **ग्रामीण लिंगानुपात** | **नगरीय लिंगानुपात** |
|---|---|
| (1) राजसमन्द | बाँसवाड़ा |
| (2) डूँगरपुर | टोंक |
| (3) पाली | चूरू |
| (4) जालोर | नागौर |

(1) B (2) A
(3) D (4) C **[*]**

**व्याख्या:-**
- इस प्रश्न को राजस्थान लोकसेवा आयोग द्वारा निरस्त किया गया।

**26. राजस्थान में अनुसूचित जनजाति जनसंख्या का द्वितीय स्थान पर सर्वाधिक प्रतिशत है (2011) –**
(1) बाँसवाड़ा जिले में
(2) प्रतापगढ़ जिले में
(3) डूँगरपुर जिले में
(4) दौसा जिले में **[3]**

**व्याख्या:-**
- राजस्थान की कुल जनसंख्या का 13.48 प्रतिशत Sheduled Tribe है, जिसमें सबसे उच्च Schedule Tribe वाला जिला डूँगरपुर है। इस जिले में 47.9 प्रतिशत Schedule Tribe निवास करते है। वही प्रथम Schedule Tribe संकेंद्रण वाला जिला बाँसवाड़ा है, जहाँ कुल जनसंख्या का संकेंद्रण (72.3 प्रतिशत) है।

**27. सूची-I एवं सूची-II को सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिये गए कूट में से सही उत्तर चुनिए-**

| **सूची-I जिला** | | **सूची-II प्रमुख उद्योग** | |
|---|---|---|---|
| A. | उदयपुर | (i) | सफेद सीमेन्ट |
| B. | नागौर | (ii) | रसायन |
| C. | भीलवाडा | (iii) | वस्त्र उद्योग |
| D. | कोटा | (iv) | सीसा एवं जस्ता |

**कूट**

| | **A** | **B** | **C** | **D** |
|---|---|---|---|---|
| (a) | (iii) | (i) | (ii) | (iv) |
| (b) | (iv) | (ii) | (i) | (iii) |
| (c) | (i) | (ii) | (iv) | (iii) |
| (d) | (iv) | (i) | (iii) | (ii) |

**[4]**

**व्याख्या:-**

| **जिला** | **प्रमुख उद्योग** |
|---|---|
| उदयपुर | सीसा एवं जस्ता |
| नागौर | सफेद सीमेंट |
| भीलवाड़ा | वस्त्र उद्योग |
| कोटा | रसायन |

**28. निम्न में से कौन-सा सही सुमेलित है?**
(A) मांडो-की-पाल – फेल्सपार
(B) तलवाड़ा – सीसा एवं जस्ता
(C) खेरवाड़ा – एस्बेस्टस
(D) ऋषभदेव – अभ्रक
(1) B (2) D
(3) A (4) C **[4]**

**व्याख्या:-**
- राजस्थान के डूँगरपुर या मांडो की पाल क्षेत्र, फेल्सपार खनिज के लिए प्रसिद्ध है। जबकि तलवाड़ा में फाइलाइट शिष्ट और क्वार्टजाइट जैसे खनिज उपलब्ध हैं।

**29. निम्नलिखित में से कौन-सा जिला राजस्थान में मरु त्रिकोण का भाग नहीं है?**
(1) जोधपुर (2) बीकानेर
(3) बाड़मेर (4) जैसलमेर **[3]**

**व्याख्या:-**
- बाड़मेर राजस्थान में मरु त्रिकोण का भाग नहीं है।
- जैसलमेर, बीकानेर तथा जोधपुर को आमतौर पर रेगिस्तानी त्रिकोण के रूप में जाना जाता है।

**30. राजस्थान की परवन' बहुउद्देश्यीय सिंचाई परियोजना निम्न जिलों को सिंचाई सुविधा प्रदान करेगी –**
(1) झालावाड़, बाराँ और कोटा जिला
(2) टोंक, बूँदी और कोटा जिला
(3) कोटा, बूँदी और झालावाड़ जिला
(4) झालावाड़ और भीलवाड़ा जिला **[1]**

**व्याख्या:-**
- राजस्थान की परवन बहुद्देश्यीय सिंचाई परियोजना झालावाड़, बाराँ तथा कोटा जिला को सिंचाई सुविधा प्रदान करेगी।

**31. राजस्थान का राज्य पुष्प है –**
(1) कचनार (2) रोहिड़ा
(3) सूरजमुखी (4) नाग केसर **[2]**

**व्याख्या:-**
- राजस्थान का राज्य पुष्प रोहिड़ा है। इसका वानस्पतिक नाम टोकोमेला अंडुलटा है। इसे वर्ष 1983 में राज्य पुष्प घोषित किया गया।

**32. राजस्थान में सौर वेधशाला कहाँ स्थित है?**
(1) उदयपुर में (2) जयपुर में
(3) अजमेर में (4) जोधपुर में **[*]**

**व्याख्या:-**
- इस प्रश्न को राजस्थान लोकसेवा आयोग द्वारा निरस्त किया गया।

## 2018

**33. सूची -I व सूची-II को सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिये गए कूट से उत्तर का चयन कीजिए-**

| **सूची-I जिले** | | **सूची-II पर्वत** | |
|---|---|---|---|
| **A.** | **जालोर** | **I.** | **बरवाड़ा** |
| **B.** | **जयपुर** | **II.** | **झारोला** |
| **C.** | **अलवर** | **III.** | **रघुनाथगढ़** |
| **D.** | **सीकर** | **IV.** | **भानगढ़** |



UTKARSH CLASSES | support@utkarsh.com | : 9829 213 213

कूट-

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (1) | II | I | IV | III |
| (2) | I | II | III | IV |
| (3) | IV | III | II | I |
| (4) | III | II | I | IV |

**[1]**

**व्याख्या:-**

| **जिले** | **पर्वत** |
|---|---|
| जालोर | झारोड़ा/झारोला |
| जयपुर | बरवाड़ा |
| अलवर | भानगढ़ |
| सीकर | रघुनाथगढ़ |

**34. निम्नलिखित में से कौन-सी पहाड़ियाँ राजस्थान में विंध्यन पर्वत श्रेणियों का विस्तार है?**

(1) मुकन्दरा पहाड़ियाँ (2) डोरा पर्वत
(3) अलवर पर्वत (4) गिरवा पर्वत **[1]**

**व्याख्या:–**

- मुकन्दरा पर्वत कोटा में स्थित है, जो विंध्यन पर्वत श्रेणियों का उत्तरी विस्तार माना जाता है।
- इस पर्वत पास में स्थित दर्रा अभयारण्य को वर्ष 2006 में राष्ट्रीय पार्क घोषित किया गया।

**35. निम्नलिखित को सुमेलित कीजिए-**

| **सूची-I मुख्य सिंचाई** | | **सूची–II सिंचाई सुविधाओं से परियोजना लाभान्वित जिले** | |
|---|---|---|---|
| **A.** | **सिद्धमुख परियोजना** | **I.** | **जालोर एवं बाड़मेर** |
| **B.** | **नर्मदा परियोजना** | **II.** | **जालोर, पाली एवं जोधपुर** |
| **C.** | **जवाई परियोजना** | **III.** | **उदयपुर एवं प्रतापगढ़** |
| **D.** | **जाखम परियोजना** | **IV.** | **हनुमानगढ़ एवं चूरू** |

**कोड :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (1) | IV | I | II | III |
| (2) | I | IV | II | III |
| (3) | IV | I | III | II |
| (4) | I | II | III | IV |

**[1]**

**व्याख्या:–**

| **मुख्य सिंचाई परियोजना** | **लाभान्वित जिले** |
|---|---|
| सिद्धमुख परियोजना | हनुमानगढ़, चूरू |
| नर्मदा परियोजना | जालोर, बाड़मेर |
| जवाई परियोजना | जालोर, पाली, जोधपुर |
| जाखम परियोजना | उदयपुर, प्रतापगढ़ |

**36. राजस्थान में मई-जून महीनों में आने वाली धूलभरी आँधियों के लिए जिम्मेदार हैं–**

**(अ) संवहनीय धाराओं की उत्पत्ति**
**(ब) अरावली पहाड़ियाँ दक्षिण-पश्चिम हवाओं के समांतर है।**
**(स) अति तीव्रगामी पूर्वी हवाओं की उत्पत्ति**

(1) (अ) और (स) (2) (अ), (ब) और (स)
(3) (अ) और (ब) (4) केवल (अ) **[4]**

**व्याख्या:-**

- राजस्थान में मई-जून महिनों में उत्पन्न होने वाली धूलभरी आधियाँ का निर्माण संवहनीय धाराओं द्वारा होता है।
- इन्हें स्थानीय भाषा में 'लू' कहा जाता है।

**37. निम्नलिखित में से कौन-से खनिजों का राजस्थान लगभग अकेला उत्पादक राज्य है?**

**(अ) सीसा एवं जस्ता अयस्क (ब) ताम्र अयस्क**
**(स) वॉलेस्टोनाइट (द) सेलेनाइट**

**कूट -**

(1) (अ) और (स) (2) (अ), (ब) और (द)
(3) (अ), (ब), और (स) (4) (अ), (स) एवं (द) **[4]**

**व्याख्या:-**

- **राजस्थान का एकाधिकार -** जास्पर, वॉलस्टोनाइट, गार्नेट, सीसा जस्ता, - जिप्सम, चाँदी, एस्बेसटॉस, फायर क्ले, सेलेनाइट में है।

**38. जनगणना 2011 के अनुसार क्रमशः भारत एवं राजस्थान की नगरीय जनसंख्या का प्रतिशत क्या है?**

(1) 28.87% एवं 31.15%
(2) 34.15% एवं 24.87%
(3) 21.87% एवं 34.15%
(4) 31.15% एवं 24.87% **[4]**

**व्याख्या:-**

- वर्ष 2011 की जनसंख्या अनुसार-

| स्थान | नगरीय जनसंख्या (%) | ग्रामीण जनसंख्या (%) |
|---|---|---|
| राजस्थान | 24.87% | 75.13% |
| भारत | 31.15% | 68.85% |

**39. निम्नलिखित में से राजस्थान में कौन-कौनसे महत्त्वपूर्ण खनिज आधारित उद्योग हैं?**

**(अ) जस्ता गलन उद्योग (ब) सीमेन्ट उद्योग**
**(स) इलेक्ट्रॉनिक उद्योग (द) संगमरमर उद्योग**

**कूट:-**

(1) (अ) और (ब)
(2) (अ), (स) और (द)
(3) (अ), (ब), और (द)
(4) (अ), (ब), (स) एवं (द) **[3]**

**व्याख्या:-**

- राजस्थान के प्रमुख खनिज आधारित उद्योग - जस्ता गलन उद्योग, संगमरमर उद्योग, सीमेंट उद्योग।

**40. 2011 की जनगणना के अनुसार राजस्थान के किन जिलों में अनुसूचित जनजाति की जनसंख्या का प्रतिशत उनकी कुल जनसंख्या में न्यूनतम है?**

(1) सीकर और धौलपुर
(2) झुन्झुनूँ और चूरू
(3) बीकानेर और नागौर



UTKARSH CLASSES | support@utkarsh.com | : 9829 213 213

(4) श्रीगंगानगर और हनुमानगढ़ [3]

**व्याख्या:-**

- वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार राजस्थान में अनुसूचित जनजाति का प्रतिशत बीकानेर और नागौर में क्रमशः 0.3%, 0.3% था।
- यह राज्य में अनुसूचित जनजाति की जनसंख्या के न्यूनतम प्रतिशत वाले जिलें है।

**41. राजस्थान की निम्न झीलों में से कौन-सी झील 'राष्ट्रीय झील संरक्षण कार्यक्रम' (NLCP) के अन्तर्गत नहीं आती है?**

(1) फतेह सागर झील (2) नक्की झील
(3) स्वरूप सागर (4) आना सागर झील [3]

**व्याख्या:-**

- राष्ट्रीय झील संरक्षण कार्यक्रम (2001) के तहत् राजस्थान राज्य की निम्न झीलों को शामिल किया गया है- फतेहसागर (उदयपुर), पिछौला झील (उदयपुर), आना सागर (अजमेर), पुष्कर झील (अजमेर), नक्की झील (माउंट आबू, सिरोही)। इसमें केन्द्र : राज्य का अनुपात 60 : 40 होगा।
- उपरोक्त कार्यक्रम National Plan for Conservation of Aquatic Eco-System (NPCA) के अंतर्गत संचालित किया जा रहा है।

**42. राष्ट्रीय बीजीय मसाला अनुसंधान केन्द्र स्थित है-**

(1) मण्डोर, जोधपुर में (2) डूमाड़ा, अजमेर में
(3) बीछवाल, बीकानेर में (4) दुर्गापुरा, जयपुर में [2]

**व्याख्या:-**

- राष्ट्रीय बीजीय मसाला अनुसंधान केन्द्र राजस्थान के तबीजी गाँव (डूमाडा) अजमेर में 22 अप्रैल, 2000 को भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् के द्वारा की गई।

**43. राजस्थान में सौर वेधशाला स्थित है–**

(1) जयपुर में (2) कोटा में
(3) उदयपुर में (4) अजमेर में [3]

**व्याख्या:-**

- द्वारा वर्ष 1976 में राजस्थान के उदयपुर की फतहसागर झील में डॉ. अरविंद भटनागर के नेतृत्व में सौर वेधशाला की स्थापना की गई।

## 2016

**44. निम्नलिखित में से कौन-सा समूह राजस्थान की पर्वत चोटियों का उनकी ऊँचाई के अनुसार सही अवरोही क्रम है?**

(1) देलवाड़ा, सज्जनगढ़, जरगा, तारागढ़
(2) सेर, जरगा, सज्जनगढ़, तारागढ़
(3) जरगा, सेर, सज्जनगढ़, तारागढ़
(4) जरगा, देलवाड़ा, तारागढ़, सज्जनगढ़ [2]

**व्याख्या:-**

- अवरोही क्रम में अरावली श्रेणी की उपर्युक्त चोटियाँ इस प्रकार है- सेर (सिरोही) (1597 मी.) जरगा (उदयपुर) (1431 मी. ) > सज्जनगढ़ (उदयपुर) (938 मी.) > तारागढ़ (अजमेर) (870 मी.)

**45. राजस्थान की किस झील को रामसर आर्द्रभूमि की सूची में सम्मिलित किया गया है?**

(1) जयसमंद झील (2) आनासागर झील
(3) राजसमंद झील (4) सांभर झील [4]

**व्याख्या:-**

- राजस्थान में रामसर आर्द्रभूमि सूची में सांभर झील को 23 मार्च, 1990 को तथा केवलादेव घना पक्षी विहार (भरतपुर) को 10 अक्टूबर, 1981 को रामसर आर्द्रभूमि घोषित किया गया।
- सांभर झील भारत की सबसे बड़ी अंतः स्थलीय खारे पानी की झील है।

**46. राजस्थान सरकार द्वारा पहली वन नीति का अनुमोदन कब किया गया?**

(1) सितम्बर, 2011 (2) अगस्त, 2010
(3) मार्च, 2011 (4) फरवरी, 2010 [4]

**व्याख्या:-**

- 17 फरवरी, 2010 में राजस्थान राज्य की पहली वन नीति का अनुमोदन किया गया था।
- इस नीति के अनुसार राज्य के सम्पूर्ण भू-भाग में 20 प्रतिशत भाग को वृक्षाच्छादित का लक्ष्य रखा गया।

**47. राजस्थान सरकार ने कौन-से वर्ष में राजस्थान जैविक विविधता नियमों को बनाया तथा राजस्थान राज्य जैव-विविधता बोर्ड की स्थापना की?**

(1) 2008 (2) 2010
(3) 2012 (4) 2014 [2]

**व्याख्या:-**

- राजस्थान राज्य जैव- विविधता बोर्ड की स्थापना जैव विविधता एक्ट 2002 के अंतर्गत की गयी।
- जैव विविधता के संरक्षण के लिए वर्ष 2010 में तत्कालीन राजस्थान सरकार ने जैव विविधता नियम तथा राजस्थान राज्य जैव विविधता बोर्ड की स्थापना की।
- इसका अध्यक्ष मुख्यमंत्री होता है।

**48. चौधरी कुम्भा राम नहर द्वारा लाभान्वित जिला युग्म है?**

(1) हनुमानगढ़-झुंझुनूँ
(2) भीलवाड़ा-टोंक
(3) बीकानेर-जोधपुर
(4) बाड़मेर-जैसलमेर [1]

**व्याख्या:-**

- इन्दिरा गाँधी नहर की 7 लिफ्ट नहरें हैं।
- चौधरी कुंभाराम नहर जिसका पुराना नाम – गंधेली साहवा लिफ्ट नहर (नौहर) के द्वारा लाभान्वित जिले- बीकानेर, चूरू, हनुमानगढ़ व झुंझुनूँ हैं।

**49. गलत युग्म को पहचानिए-**

| | खनिज | खान |
|---|---|---|
| (1) | जिप्सम | पलाना |
| (2) | गुलाबी संगमरमर | बाबरमल |
| (3) | तामड़ा | राजमहल |



UTKARSH CLASSES | support@utkarsh.com | : 9829 213 213

| | | |
|---|---|---|
| (4) | यूरेनियम | कुराड़िया |

**[1]**

**व्याख्या:-**

| **खान** | **स्थान** | **खनिज** |
|---|---|---|
| पलाना | बीकानेर | लिग्नाइट, जिप्सम |
| बाबरमल | जालोर | गुलाबी संगमरमर, ग्रेनाइट |
| राजमहल | टोंक | तामड़ा |
| कुराड़िया | उदयपुर | यूरेनियम |

- **नोट –** RPSC द्वारा जारी उत्तर कुंजी में विकल्प A को सही माना। परन्तु बीकानेर के पलाना में लिग्नाइट कोयला तथा जिप्सम के भण्डार स्थित है।

**50. जनगणना, 2011 के अनुसार राजस्थान के सर्वाधिक कुल जनसंख्या वाले जिलों का अवरोही क्रम है-**

(1) जयपुर, कोटा, जोधपुर, बीकानेर
(2) जयपुर, जोधपुर, अलवर, नागौर
(3) जयपुर, उदयपुर, जोधपुर, बीकानेर
(4) जयपुर, बीकानेर, जोधपुर, उदयपुर **[2]**

**व्याख्या:-**

- जनगणना 2011 के अनुसार राजस्थान के सर्वाधिक कुल जनसंख्या वाले जिलों का अवरोही क्रम है–
  जयपुर > जोधपुर > अलवर > नागौर

**51. वर्ष 2011 में निम्नलिखित में से कौन-से दो जिले उनकी कुल जनसंख्या में सबसे कम अनुसूचित जनजाति प्रतिशत रखते हैं?**

(1) चूरू और सीकर (2) श्रीगंगानगर और हनुमानगढ़
(3) बीकानेर और नागौर (4) भरतपुर और धौलपुर **[3]**

**व्याख्या:-**

| **विषय** | **अनुसूचित जाति** | **अनुसूचित जनजाति** |
|---|---|---|
| राजस्थान में जनसंख्या प्रतिशत | 17.8% | 13.5% |
| सर्वाधिक प्रतिशत | श्रीगंगानगर (36.6%)<br>हनुमानगढ़ (27.8%)<br>करौली (24.3%) | बाँसवाड़ा (76.4%)<br>डूँगरपुर (70.8%)<br>प्रतापगढ़ (63.4%) |
| न्यूनतम प्रतिशत | डूँगरपुर 3.5%<br>बाँसवाड़ा (4.5%) | बीकानेर (0.3%)<br>नागौर (0.3%) |

**52. राजस्थान के निम्नलिखित जिलों को पूर्व से पश्चिम की ओर सही क्रम से व्यवस्थित करें–**

**(A) बूँदी** **(B) अजमेर**
**(C) उदयपुर** **(D) नागौर**

(1) (A), (B), (C) और (D)
(2) (B), (A), (C) और (D)
(3) (A), (B), (D) और (C)
(4) (A), (C), (B) और (D) **[3]**

**व्याख्या:-**

- प्रश्नानुसार बूँदी, अजमेर, नागौर व उदयपुर उपर्युक्त दिए गए राजस्थान के जिलों का पूर्व से पश्चिम की ओर सही व्यवस्थित क्रम है।

**53. जनकपुरा और सरवाड़ खानें जिस खनिज के उत्पादन के लिये जानी जाती हैं, वह है–**

(1) पन्ना (2) तामड़ा
(3) पाइराइट (4) बेराइट्स **[2]**

**व्याख्या:-**

- राजस्थान राज्य में गारनेट (तामड़ा) के मुख्य भण्डार टोंक, अजमेर उदयपुर, भीलवाड़ा और राजसमंद में है।
- तामड़ा के प्रमुख उत्पादक क्षेत्र राजस्थान के टोंक जिले के राजमहल, जनकपुरा, कल्याणपुरा व गांवरी है। अजमेर जिले के सरवाड़ तथा बरबारी में भी तामड़ा उत्पादित होता है।
- इन जिलों में देश का अधिकांश तामड़ा उत्पादित होता इन जिलों के अलावा भीलवाड़ा में कमलपुरा तथा दादिया में, सीकर जिले में भी इसका उत्पादन होता है।

**54. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए-**

| **सूची-I वन्यजीव संरक्षित क्षेत्र** | | **सूची-II जिला** | |
|---|---|---|---|
| **A.** | **जोहड़बीड़ गड़ेवाल** | **I.** | **झुंझुनूँ** |
| **B.** | **गुढ़ा विश्नोईयाँ** | **II.** | **नागौर** |
| **C.** | **गोगेलाव** | **III.** | **जोधपुर** |
| **D.** | **बीड़** | **IV.** | **बीकानेर** |

**कूट:**

| | **A** | **B** | **C** | **D** |
|---|---|---|---|---|
| (A) | IV | III | I | II |
| (B) | IV | III | II | I |
| (C) | I | III | IV | II |
| (D) | I | II | III | IV |

**[2]**

**व्याख्या:-**

| **क्रं सं.** | **संरक्षित क्षेत्र** | **जिला** | **स्थापना** |
|---|---|---|---|
| 1. | जोहड़बीड़ | बीकानेर | 2008 |
| 2. | गुढ़ा विश्नोईयाँ | जोधपुर | 2011 |
| 3. | गोगेलाव | नागौर | 2012 |
| 4. | बीड़ | झुंझुनूँ | 2012 |

**55. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये –**

**(A) अरावली मरुस्थल के पूर्ववर्ती विस्तार को रोकता है।**
**(B) राजस्थान की सभी नदियों का उद्गम अरावली से है।**
**(C) राजस्थान में वर्षा का वितरण प्रारूप अरावली से प्रभावित नहीं होता है।**
**(D) अरावली प्रदेश धात्विक खनिजों में समृद्ध है।**
**सही उत्तर का चयन नीचे दिये कूट से कीजिये–**

(1) A, B और C सही है।
(2) B, C और D सही है।
(3) C और D सही है।
(4) A और D सही है। **[4]**



UTKARSH CLASSES | support@utkarsh.com | : 9829 213 213

**व्याख्या:-**

- राजस्थान के भौगोलिक प्रदेशों में अरावली पर्वत श्रेणी प्री-क्रेम्बियन युग की वलित अवशिष्ट पर्वतमाला है जो खेड ब्रह्मा (गुजरात) से रायसीना ( नई दिल्ली) तक विस्तृत है।
- अरावली पर्वत माला राजस्थान के मरुस्थल के पूर्ववर्ती विस्तार को रोकती है।
- राजस्थान की अधिकांश नदियों का उद्गम अरावली से होता है।
- मानसून की अरबसागर शाखा अरावली के समान्तर होने के कारण वर्षा नहीं होती तथा अरावली का पश्चिमी भाग वृष्टि छायां प्रदेश है।
- अरावली पर्वत माला में आग्नेय चट्टानों में अनेक धात्विक व अधात्विक खनिजों के भण्डार स्थित है।

**56. 2011 की जनगणना के अनुसार निम्न में कौन-से कथन राजस्थान में लिंगानुपात ( 1000 पुरूषों पर महिलाओं की (संख्या) के बारे में सही हैं?**
**(i) 2011 में राजस्थान में लिंगानुपात राष्ट्रीय औसत से कम था।**
**(ii) 2011 में राजस्थान के सभी जिलों में लिंगानुपात 1000 से कम था।**
**(iii) 2011 में राजस्थान के सभी जिलों के ग्रामीण क्षेत्रों में ( पाली जिले के अलावा) लिंगानुपात 1000 से कम था।**
**(iv) 2011 में राजस्थान के सभी जिलों के शहरी क्षेत्रों में (धौलपुर जिले के अलावा) लिंगानुपात 1000 से कम था।**
**नीचे दिये गये कूटों का प्रयोग करके सही उत्तर चुनिये:**
(1) केवल (i) सही है।
(2) (i) तथा (ii) सही हैं।
(3) (i), (ii) तथा (iii) सही हैं।
(4) (i), (ii), (iii) तथा (iv) सही हैं। **[3]**

**व्याख्या:-**

- वर्ष 2011 की जनगणना- लिंगानुपात
  (1) भारत = 943
  (2) राजस्थान 928
  (3) 2011 में राजस्थान में लिंगानुपात राष्ट्रीय औसत से कम था।
  (4) 2011 में राजस्थान के सभी जिलों में लिंगानुपात 1000 से कम था। ग्रामीण लिंगानुपात - 933
  (5) 2011 में राजस्थान के सभी जिलों के ग्रामीण क्षेत्रों में ( पाली जिले के अलावा) लिंगानुपात 1000 से कम था।

**57. राजस्थान की जालिपा-कपूरडी तापीय विद्युत परियोजना के बारे में निम्न वाक्यों पर ध्यान दीजिये:**
**(i) यह विद्युत परियोजना लिग्नाइट आधारित है।**
**(ii) यह निजी विकासक द्वारा स्थापित की जा रही है।**
**उपरोक्त कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?**
(1) (i) व (ii) दोनों सही हैं।
(2) (i) व (ii) दोनों गलत हैं।
(3) केवल कथन (i) सही है।
(4) केवल कथन (ii) सही है **[1]**

**व्याख्या:-**

- जालिपा - कपूरड़ी तापीय विद्युत तापीय विद्युत परियोजना राज्य के बाड़मेर जिले में राज. वेस्ट पॉवर लिमिटेड द्वारा स्थापित की जा रही है। यह विद्युत परियोजना लिग्नाइट आधारित है।
- राजस्थान सरकार तथा राज. वेस्ट पॉवर लिमिटेड के बीच करार 29 मई, 2006 को हुआ था।

**58. निम्नलिखित में से कौन-सी बाहरी संस्था राजस्थान अक्षय ऊर्जा प्रसारण निवेश कार्यक्रम के लिये वित्तीय सहायता प्रदान कर रही है?**
(1) विश्व बैंक
(2) जापान अन्तर्राष्ट्रीय सहयोग संस्था
(3) एशियन विकास बैंक
(4) के. एफ. डब्ल्यू. जर्मनी **[3]**

**व्याख्या:-**

- राजस्थान अक्षय ऊर्जा प्रसारण निवेश कार्यक्रम- एशियन विकास बैंक द्वारा वित्त पोषित है।

**59. केन्द्रीय शुष्क बागवानी संस्थान स्थित है-**
(1) बीकानेर में (3) जोधपुर में
(2) श्री गंगानगर में (4) उदयपुर में **[1]**

**व्याख्या:-**

- 22 सितम्बर, 2000 को इसे संस्थान का दर्जा दिया गया तथा इसका नाम केन्द्रीय शुष्क बागवानी संस्थान, बीकानेर रखा गया।
- **कार्य-** हॉर्टीकल्चर में अनुसंधान करना एवं नई गुणवत्ता मूलक किस्मों का विकास करना।

**60. भारत के कुल भू-भाग का कितना प्रतिशत क्षेत्र राजस्थान में है?**
(1) 10.4% (2) 7.9%
(3) 13.3% (4) 11.4% **[1]**

**व्याख्या:-**

- भारत के कुल भू-भाग का 10.41% क्षेत्र राजस्थान में है।
- क्षेत्रफल की दृष्टि से राजस्थान भारत का सबसे बड़ा राज्य है।
- कुल क्षेत्रफल 3,42,239 वर्ग किमी. है।

**61. भारत के थार मरुस्थल का कितना भाग राजस्थान में है?**
(1) 40% (2) 60%
(3) 80% (4) 90% **[*]**

**व्याख्या:-**

- इस प्रश्न को राजस्थान लोकसेवा आयोग द्वारा निरस्त किया गया।

**62. राजस्थान पर्यटन के लोगों में सम्मिलित वाक्य है-**
(1) रंगीलो राजस्थान (2) जाने क्या दिख जाए
(3) राजस्थान रो दिल देखो (4) दर्शनीय राजस्थान **[2]**


**व्याख्या:-**

- 25 जनवरी, 2019 को पर्यटन विभाग द्वारा 'पधारो म्हारे देश' कर दिया तथा उसमें 'The Incredible State of Rajasthan' शब्द जोड़ा गया।

## 2015


UTKARSH CLASSES | support@utkarsh.com | : 9829 213 213


**63. निम्न मानचित्र में राजस्थान की प्रमुख जनजातियों का संकेन्द्रण 1, 2, 3 एवं 4 से प्रदर्शित किया गया है। मानचित्र के नीचे दिये गये क्रम में इन्हें पहचानिये तथा उत्तर दीजिए-**




(1) साँसी, गरासिया, भील, सहरिया
(2) भील, साँसी, सहरिया, गरासिया
(3) साँसी, सहरिया, भील, गरासिया
(4) गरासिया, सहरिया, साँसी, भील **[3]**

**व्याख्या:-**
- **राजस्थान की प्रमुख जनजातियाँ–**
  (1) **मीणा -** जयपुर, दौसा, सवाईमाधोपुर, करौली, उदयपुर, पाली
  (2) **गरासिया -** सिरोही
  (3) **भील -** उदयपुर, डुँगरपुर, बाँसवाड़ा, सिरोही
  (4) **साँसी –** भरतपुर
  (5) **सहरिया –** बाराँ (शाहबाद, किशनगंज)

**64. निम्न मानचित्र में राजस्थान में इंदिरा गाँधी नहर परियोजना की लिफ्ट नहरों की स्थिति 1, 2, 3, एवं 4 से प्रदर्शित की गयी है। मानचित्र के नीचे दिये गये क्रम में इन्हें पहचानिये तथा उत्तर दीजिए-**




(1) डॉ. करणीसिंह लिफ्ट नहर, चौधरी कुम्भाराम लिफ्ट नहर, जयनारायण व्यास लिफ्ट नहर, कुँवरसेन लिफ्ट नहर
(2) डॉ. करणीसिंह लिफ्ट नहर, जयनारायण व्यास लिफ्ट नहर, चौधरी कुम्भाराम लिफ्ट नहर, कुँवरसेन लिफ्ट नहर
(3) जयनारायण व्यास लिफ्ट नहर, डॉ. करणीसिंह लिफ्ट नहर, कुँवरसेन लिफ्ट नहर, चौधरी कुम्भाराम लिफ्ट नहर
(4) जयनारायण व्यास लिफ्ट नहर, कुँवरसेन लिफ्ट नहर, डॉ. करणीसिंह लिफ्ट नहर, चौधरी कुम्भाराम लिफ्ट नहर **[3]**

**व्याख्या:-**
- (i), (ii), (iii) एवं (iv) द्वारा क्रमश–
  जय नारायण व्यास लिफ्ट नहर, डॉ. करणीसिंह लिफ्ट नहर, कुँवरसेन लिफ्ट नहर, चौधरी कुंभाराम लिफ्ट

**65. राजस्थान के दक्षिणी-पूर्वी पहाड़ी क्षेत्रों में आदिवासियों द्वारा की जाने वाली कृषि को कहते हैं-**
(1) वालरा
(2) चिमाता
(3) दजिया
(4) शुष्क खेती **[1]**

**व्याख्या:-**
- **भीलों द्वारा -** दाजिया- समतल क्षेत्रों पर
- **चिमाता-** पहाड़ों पर
- वालरा कृषि = दक्षिणी राजस्थान के आदिवासी क्षेत्रों में प्रचलित स्थानांतरण (झूम-सदृश) कृषि पद्धति।

**66. राजस्थान राज्य में किस नदी का अपवाह क्षेत्र न्यूनतम है?**
(1) साबरमती (2) माही
(3) वाकल (4) पश्चिमी बनास **[*]**

**व्याख्या:-**
- इस प्रश्न को राजस्थान लोकसेवा आयोग द्वारा निरस्त किया गया।

**67. राजस्थान राज्य में मुख्यत: कोयले की किस्म पाई जाती है-**
(1) पीट
(2) एन्थ्रेसाइट
(3) बिटुमिनस
(4) लिग्नाइट **[4]**

**व्याख्या:-**
- तृतीय मध्य युग में निर्मित लिग्नाइट कोयला राजस्थान में प्रचूर मात्रा में मिलता है।
- राज्य में बाड़मेर के कपूरड़ी, जालिपा तथा बीकानेर के बरसिंगसर, पलाना में मिलता है।

**68. गोठ मांगलोद क्षेत्र का सम्बन्ध किस खनिज से है-**
(1) रॉक फॉस्फेट
(2) टंगस्टन
(3) मैंगनीज
(4) जिप्सम **[4]**

**व्याख्या:-**
- जिप्सम सेलेनाइट का अयस्क है।
- जिप्सम उत्पादन में नागौर जिला अग्रणी है।
- राजस्थान के गोठ मांगलोद क्षेत्र में जिप्सम खनिज पाया जाता है।

**69. मावठ जिससे होती है, वह है-**
(1) उत्तरी-पश्चिमी मानसून
(2) दक्षिणी-पूर्वी मानसून
(3) उत्तरी-पूर्वी मानसून
(4) पश्चिमी विक्षोभ **[4]**

**व्याख्या:-**
- 'मावठ' की प्रक्रिया पश्चिमी विक्षोभ के फलस्वरूप होती है। उत्तर-पश्चिम भारत में इससे सर्दी में वर्षा होती है।
- यह भूमध्य सागरीय पछुआ पवनों द्वारा होती है।

**70. सुमेलित कीजिए-**

| **सूची-I (कोयला/गैस खानें)** | **सूची-II जिला** |
|---|---|
| **A. केसरदेसर** | **I. जैसलमेर** |
| **B. कपूरड़ी** | **II. नागौर** |



UTKARSH CLASSES | support@utkarsh.com | : 9829 213 213

**C. मातासुख** **III. बीकानेर**
**D. तानोट** **IV. बाड़मेर**

**कूट-**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (1) | III | IV | II | I |
| (2) | III | II | IV | I |
| (3) | I | II | III | IV |
| (4) | I | IV | II | III |

**[1]**

**व्याख्या:–**

**कोयला खनन क्षेत्र**

- केसरदेसर — बीकानेर
- कपूरड़ी — बाड़मेर
- मातासुख — नागौर
- तानोट — जैसलमेर

**71. लौह अयस्क खनन क्षेत्र नहीं है-**

(1) मोरिजा (2) डाबला
(3) नीमला (4) तलवाड़ा **[4]**

**व्याख्या:–**

- लौह अयस्क उत्पादन में राजस्थान तृतीय स्थान पर है।
- **राजस्थान में लौह अयस्क क्षेत्र**

(1) मोरिजा बानोला — जयपुर
(2) नीमला राइसेला — दौसा
(3) नीम का थाना — सीकर
(4) डाबला सिंघाना — झुंझुंनू
(5) नाथरा री पाल — उदयपुर
(6) तिरंगा पहाड़ी — भीलवाड़ा

**72. जवाई परियोजना से लाभान्वित नहीं होने वाला जिला है-**

(1) उदयपुर
(2) राजसमन्द
(3) बाड़मेर
(4) सिरोही **[*]**

**व्याख्या:–**

- इस प्रश्न को राजस्थान लोकसेवा आयोग द्वारा निरस्त किया गया।

**73. गलत युग्म को चुनिये-**

| जल राशि | स्थान (जिला) |
|---|---|
| (1) कायलाना | जोधपुर |
| (2) चाँद बावड़ी | दौसा |
| (3) घड़सीसर | बीकानेर |
| (4) गेप सागर | डूँगरपुर |

**[3]**

**व्याख्या:-**

| जल राशि | स्थान (जिला) |
|---|---|
| कायलाना | जोधपुर |
| चाँद बावड़ी | दौसा |
| घड़सीसर | जैसलमेर |
| गेप सागर | डूँगरपुर |



UTKARSH CLASSES | support@utkarsh.com | : 9829 213 213